Social Justice Union (Govt. Registered)

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शनिवार 22 फरवरी 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 145

## उद्धव ठाकरे ने बेटे आदित्य संग की पीएम मोदी से मुलाकात



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उद्धव ठाकरे की मुलाकात राजनीतिक दृष्टि से काफी अहम है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात में उद्धव ठाकरे राज्य के किसानों की कर्ज माफी सहित राज्य की विभिन्न परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार से मदद मांगी है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। इस दौरान उनके बेटे आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे। भाजपा के साथ गठबंधन तोड़ने के बाद उद्धव ठाकरे की पीएम मोदी से यह दूसरी मुलाकात हुई। इससे पहले शिवसेना प्रवक्ता व सांसद संजय राउत ने ट्वीट कर कहा कि उद्धव ठाकरे की पीएम मोदी से सदिच्छा भेंट होगी और बाकी जानकारी विवरण की गहराई से खुदाई की जरूरत नहीं है। शिवसेना और भाजपा गठबंधन टूटने के बाद पीएम मोदी से उद्धव की पहली बार मुलाकात पुणे में पुलिस महानिदेशक परिषद को संबोधित करने पहुंचने के दौरान हुई थी। उस समय प्रोटोकॉल और शिष्टाचार के तहत उद्धव ठाकरे ने एयरपोर्ट पर मोदी का स्वागत किया था और फिर मुंबई लौट आए थे। लेकिन उसके बाद दोनो के बीच कोई अधिकारिक बातचीत नहीं हुई।

आमतौर पर किसी राज्य में नई सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री अगले कुछ दिनों में ही प्रधानमंत्री से मुलाकात कर उनके समक्ष राज्य की समस्याओं पर चर्चा करता है। उद्धव ठाकरे ने भी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद व्यंग्यात्मक लहजे में कहा था कि वह जल्द ही बड़े भाई नरेंद्र मोदी से मिलने जाएंगे, क्योंकि वे मुझे छोटा भाई मानते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उद्धव ठाकरे की मुलाकात राजनीतिक दृष्टि से काफी अहम है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात में उद्धव ठाकरे राज्य के किसानों की कर्ज माफी सहित राज्य की विभिन्न परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार से मदद मांग सकते हैं।

### सोनिया से भी मिलें उद्धव

मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे अपने दिल्ली दौरे में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से भी मुलाकात की। उद्धव ठाकरे के शपथ ग्रहण समारोह में सोनिया और राहुल उपस्थित नहीं हो सके थे, लेकिन शपथ ग्रहण के बाद सोनिया गांधी ने उन्हें पत्र भेजकर शुभकामनाएं दी थी।

## राजनाथ सिंह ने नए थल सेवा भवन का किया शिलान्यास

**» सेना प्रमुख एमएम नरवणे भी रहे मौजूद**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली छावनी में नए थल सेना भवन की प्रस्तावित संरचना का शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भूमिपूजन और शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे भी मौजूद थे। सेना के अधिकारी के मुताबिक कार्यालय परिसर और पार्किंग बनाने के लिए लगभग 7.5 लाख वर्ग मीटर (39 एकड़ ) क्षेत्र में निर्माण किया जाएगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शिलान्यास कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमने नए सेना भवन के लिए पहला पत्थर रखा है, यहां कई और पत्थर रखे जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह भवन सशस्त्र बलों के उन गुमनाम नायकों का प्रतिनिधित्व करेगा जिन्होंने देश के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया है। सेना के अधिकारी ने बताया कि इस भवन में कुल 6014 कार्यालयों का निर्माण किया जाएगा इसमें से 1684 कार्यालय सैन्य, गैर सैन्य अधिकारियों के लिए और 4330 उप-कर्मचारियों के लिए होंगे। इनमें न्यूनतम दो लाख घंटे कुशल और अकुशल कार्य होंगे और इससे युवाओं के लिए रोजगार उत्पन्न होगा। इस भवन का निर्माण पांच वर्षों में पूरा कर लिया जाएगा। थल सेना भवन के शिलान्यास समारोह में सभी धर्मो के बीच आपसी सौहार्द के लिए एक बहु-विश्वास प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### लूट की कोशिश कर रहे बदमाशों मारी गोली

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** साउथ दिल्ली के फतेहपुर थाना अंतर्गत डेरा गांव में गुरुवार रात एक शॉप ऑनर को बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी. मृतक अपनी शॉप बंद कर नौकर के साथ लौट रहा था. इस दौरान अचानक 3 बाईक सवार वहां पहुंचे और उसका बैग लेकर भागने लगे. घटना के दौरान मृतक ने बदमाशों के साथ जमकर हाथापाई भी की. बदमाशों ने इस दौरान उसे गोली मार दी. घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश वहां से फरार हो गए. इसके बाद घायल को तुरंत अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, फतेहपुर बेरी इलाके में 10 बजे तीन बदमाश बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे. उन्होंने दुकानदार से कैश का थैला लूट लिया. इस दौरान विरोध करने पर दुकानदार को गोली मार दी. साथ ही उसके साथी को घायल कर दिया. पुलिस ने इस मामले में हत्या, हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### कर्नाटक के पूर्व मंत्री और जेडीएस नेता सी चन्निगप्पा का निधन

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक के पूर्व मंत्री और जद (एस) के नेता सी चन्निगप्पा का लंबी बीमारी के चलते शुक्रवार को बेंगलुरु के एक अस्पताल में निधन हो गया है। कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्य मंत्री सिद्धारमैया ने चन्निगप्पा की मौत पर शोक व्यक्त किया। चन्निगप्पा 76 वर्ष के थे। बता दें कि चन्निगप्पा तीन बार कोराटगेरे से विधायक रहे। इससे पहले, उन्होंने कर्नाटक के वन मंत्री के रूप में कार्य किया था। कांग्रेस नेता सिद्धारमैया ने उनके निधन में शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि चन्निगप्पा उनके दोस्त थे।

### अमूल्या को राजद्रोह मामले में 14 दिन की जेल

**» ओवैसी की रैली में पाक जिंदाबाद का लगाया था नारा**

**बंगलूरू (आरएनएस)।** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए)के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के मंच से 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाने वाली अमूल्या लियोना के खिलाफ राजद्रोह का केस दर्ज किया गया है। अमूल्या को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बता दें कि पाक समर्थित नारेबाजी की आरोपी अमूल्या लियोना को हिरासत में लिया गया था। अमूल्या को बेंगलुरु की कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अपने मंच से पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाए जाने की ओवैसी ने भी निंदा की थी। उन्होंने कहा कि वह जब नमाज पढ़ने के लिए जा रहे थे तभी यह नारेबाजी हुई और उन्होंने तुरंत उसे रुकवाया। वैसे विडियो में भी जब अमूल्या पहली बार नारा लगाती है।

### केन्द्रीय करों में मांगी हिस्सेदारी

**» सिसोदिया-सीतारमण मुलाकात**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के वित्त मंत्री और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की है. इस मुलाकात को सिसोदिया ने सकारात्मक बताया है. मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, दिल्ली के विकास पर हुई बातचीत काफी सकारात्मक रही. बातचीत के दौरान सिसोदिया ने केंद्रीय करों में दिल्ली सरकार के हिस्से की भी मांग की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्तमंत्री से केंद्रीय करों में दिल्ली के लिए भी हिस्सा दिए जाने की मांग की. जिससे दिल्ली में स्कूल-अस्पताल खोलने, यमुना को साफ करने, बिजली पानी की व्यवस्था करने आदि के लिए काम और तेज़ी से किए जा सके. मुलाकात के बाद मनीष सिसोदिया ने मीडिया को बताया कि केंद्रीय वित्तमंत्री के साथ बैठक में उन्होंने एमसीडी के लिए भी उसी तरह फंड दिए जाने की भी मांग की।

## महाशिवरात्रि पर अमित शाह व केजरी ने दी शुभकामनाएं



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

शाह ने ट्वीट कर कहा,महादेव से भारत की निरंतर खुशहाली की प्रार्थना करता हूँ। हर हर महादेव। केजरीवाल ने भी अपने ट्वीट में कहा,महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आप सभी को शुभकामनाएं। गौरतलब है कि महाशिवरात्रि के मौके पर शुक्रवार को पूरे देश में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। इस दौरान सुबह से ही मंदिरों में लोगों की भीड़ लगी रही और श्रद्धालुओं ने गंगा समेत विभिन्न नदियों में डूबकियां भी लगायीं।

## डॉ. हर्षवर्धन ने कोरोना पर उठाए गए कदमों की समीक्षा की



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने शुक्रवार को नई दिल्ली में मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नोवेल कोरोना वायरस (कोविड 19) से उत्पन्न स्थिति से निपटने में अब तक उठाए गए कदमों और तैयारियों की समीक्षा की।


केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बताया गया कि केन्द्रीय स्तर पर संबंधित मंत्रालयों के साथ घनिष्ठ सहयोग से एहतियात के विभिन्न उपाए किए गए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सचिव ने भी बताया कि राज्यों को नियमित रूप से स्क्रीनिंग तथा निगरानी से संबंधित सटीक आवश्यक सूचना को समय पर वेबपोर्टल पर अद्यतन करनी चाहिए। वेबपोर्टल राष्ट्रीय स्तर पर रियल टाइम आधार पर मामलों की निगरानी के लिए विशेष निगरानी वेब उपकरण लगाया गया है। उन्होंने बताया कि राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों ने रिपोर्ट दी है कि गंभीर स्थिति को टालने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल तथा दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कर्मियों के सुरक्षा उपकरण तथा मास्क का पर्याप्त भंडार है। स्वास्थ्य सचिव ने यह भी बताया कि राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों तथा संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों के साथ नियमित रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से तैयारियों की नियमति समीक्षा की जा रही है।

### राजधानी में स्वाइन फ्लू की दस्तक, अब तक 152 मरीज मिले

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में एच1एन1 (स्वाइन फ्लू) वायरस का संक्रमण तेजी से फैल रहा है और लोगों को बीमार कर रहा है। पिछले 14 दिनों में दिल्ली में 109 नए मामलों की पुष्टि की गई है, औसतन रोज आठ नए लोग इस वायरस के शिकार हो रहे हैं। देश में इस साल स्वाइन फ्लू के कुल मरीजों की संख्या बढ़ कर 152 तक पहुंच गई है। 2 फरवरी तक सिर्फ 43 मामले आए थे, लेकिन एनसीडीसी की नई रिपोर्ट में मरीजों की संख्या 152 हो गई है, यह नया आंकड़ा 16 फरवरी तक का है। रिपोर्ट के अनुसार, इस मामले में दिल्ली देश में दूसरे नंबर पर है, जहां स्वाइन फ्लू के मामले सबसे ज्यादा मिले हैं। अभी तक तमिलनाडु में सर्वाधिक 174 मरीज मिले हैं। उधर दिल्ली स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, स्वाइन फ्लू को लेकर अस्पतालों में अलर्ट जारी कर दिया है।

**» ऊंचाई बढ़ाने और एक मंजिल जोड़ने का प्रस्ताव**

## व्हिप के ही मॉडल पर बनेगा अयोध्या में राम मंदिर



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर के करीब तीन दशक पुराने विश्व हिन्दू परिषद के नक्शे में बदलाव कर इसकी ऊंचाई बढ़ाते हुए एक और मंजिल जोड़ी जा सकती है। विश्व हिन्दू परिषद के नक्शे में प्रस्तावित मंदिर को अष्टकोणीय आकृति में बनाने का खाका तैयार किया गया था। इसके अनुसार, मंदिर में पांच प्रवेशद्वार (सिंह द्वार, नृत्य मंडप, रंग मंडप, पूजा-कक्ष और गर्भगृह) होंगे तथा रामलला की मूर्ति निचले तल पर विराजमान होगी। मंदिर में लोहे का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय एवं इसके सदस्य विमलेन्द्र मोहन प्रताप मिश्र, डॉ. अनिल मिश्र की गुरुवार को ट्रस्ट के भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा के साथ बैठक हुई जिसमें करीब डेढ़ घंटे तक प्रस्तावित मंदिर संबंधी विषयों पर चर्चा हुई। विहिप चाहता है कि मंदिर पुराने नक्शे के आधार पर ही बनाया जाए क्योंकि इसमें बदलाव से निर्माण कार्य में ज्यादा समय लगेगा। सूत्रों ने बताया, श्मंदिर के पुराने नक्शे में कुछ बदलाव कर उसे भव्य रूप प्रदान करने का सुझाव आया है। अब मंदिर के लिए 2 मंजिल के बजाए तीन मंजिल बनाने तथा एक मंडप और एक अतिरिक्त मंजिल के साथ 35 फुट ऊंचे शिखर का विस्तार करने पर मंथन हो रहा है। सूत्रों ने बताया कि वर्तमान में प्रस्तावित राम मंदिर की ऊंचाई 125 फुट है, जिसे करीब 160 फुट किया जा सकता है। इस बारे में पूछने पर राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि जी ने श्पीटीआई-भाषाश् को बताया, श्मंदिर का मॉडल विहिप के नक्शे पर आधारित होगा। इसके आकार और स्केल में कुछ बदलाव हो सकता है। एक ट्रस्टी ने बताया कि नृपेन्द्र मिश्र भवन निर्माण समिति की बैठक कर निर्माण कार्य संबंधी कार्य योजना प्रस्तुत करेंगे। नृपेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया है जो विशेषज्ञों एवं अन्य लोगों से विचार विमर्श कर यह तय करेगी कि निर्माण कार्य कब से शुरू किया जाए और इसकी रूपरेखा क्या हो गौरतलब है कि ट्रस्ट ने नृपेंद्र मिश्रा को मंदिर निर्माण समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। मिश्रा नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर उनके पहले कार्यकाल में प्रधान सचिव थे। उल्लेखनीय है कि शिल्पी चंद्रकांत सोमपुरा ने 1987 में विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल के कहने पर राममंदिर का मॉडल तैयार किया था।

## मालदीव के गृहमंत्री ने शाह से की मुलाकात



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की शुक्रवार को नई दिल्ली में, भारत के दौरे पर आए मालदीव के गृह मंत्री शेख इमरान अब्दुल्ला से मुलाकात हुई।

बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने सुरक्षा और विधि प्रवर्तन सहयोग के क्षेत्र में परस्पर हित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। भारत ङ्क मालदीव के बीच मजबूत होती भागीदारी का स्वागत करते हुए, दोनो मंत्रियों ने भारत और मालदीव के बीच बढ़ते हुए द्विपक्षीय सहयोग और पुलिस व्यवस्था एवं विधि प्रवर्तन, आतंकवाद-रोध, कट्टरवाद-रोध और संगठित अपराध जिसमें मादक पदार्थों की तस्करी शामिल है, तथा क्षमता संवर्धन सहित विविध क्षेत्रों में सहयोग का स्वागत किया। इस बैठक में मालदीव के गृह राज्य मंत्री, केंद्रीय गृह सचिव और दोनों पक्षों की ओर से वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। मालदीव के गृह मंत्री के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने महानिदेशक एनआईए, निदेशक एनसीबी, महानिदेशक सीबीआई और निदेशक ईडी से भी मुलाकात की।

## रेलवे ग्राहकों के साथ हिंदी में बात करने की नई पहल

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित'आस्कदिशा' चैटबॉट को आईआरसीटीसी द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं के संबंध में इंटरनेट पर प्राप्त रेल यात्रियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए विकसित किया गया है। रेल यात्रियों को पेश की गई विभिन्न सेवाओं के संबंध में इंटरनेट पर रेल यात्रियों की समस्याओं के समाधान के लिए भारतीय रेलवे ने अक्टूबर 2018 में कृत्रिम बुद्धिमता (आर्टफिशयल इन्टेलिजेन्स) आधारित आस्कदिशा चैटबॉट की सेवाए शुरु की। ऐसा टिकटिंग वेबसाइट एवं भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) की पर्यटन वेबसाइट के उपयोगकर्ताओं के लाभ के लिए किया गया है। आस्कदिशा चैटबोट को प्रारम्भ में अंग्रेजी भाषा में शुरू किया गया था लेकिन ग्राहक सेवाओं को बढ़ाने और चैटबॉट की सेवाओं को और मजबूत बनाने के लिए आईआरसीटीसी ने अब ग्राहकों के साथ हिंदी भाषा में बातचीत करने और ईटिकटिंग साइट के लिए आस्कदिशा का उन्नयन किया है। आस्कदिशा पर हिंदी भाषा में दैनिक आधार पर औसतन 3000 पूछताछ की जा रही हैं और यह संख्या दिन प्रति-दिन बढ़ रही है जो ग्राहकों में इसकी स्वीकार्यता को दर्शाती है। आईआरसीटीसी की निकट भविष्य में कई अन्य अतिरिक्त सुविधाओं के साथ अधिक से अधिक भाषाओं में इसकी शुरुआत करने की योजना है।

## राष्ट्रीय स्तर के जागरूकता कार्यक्रम 2020' का आयोजन शुरु

**» 28 फरवरी तक जारी रहेगा जागरूकता कार्यक्रम**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्तर के जागरूकता कार्यक्रम (एनएलएपी) 2020 का आयोजन किया है। यह 17 फरवरी से 28 फरवरी तक जारी रहेगा। एनएलएपी का मुख्य उद्देश्य इस मंत्रालय के साथ-साथ इससे जुड़े विभिन्न संगठनों की योजनाओं एवं कार्यकलापों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इन संगठनों में विकास आयुक्त कार्यालय (एमएसएमई), खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, कॉयर बोर्ड, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, राष्ट्रीय एमएसएमई संस्थान, एमएसएमई प्रौद्योगिकी केन्द्र और महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगीकरण संस्थान शामिल हैं।

मंत्रालय के कुल 126 क्षेत्रीय कार्यालय और इसके विभिन्न संगठन देश भर में जागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं, ताकि कॉलेजों एवं शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों को मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया जा सके। 15 दिनों का यह जागरूकता अभियान देश के सभी हिस्सों में स्थित 600 से भी अधिक कॉलेजों में चलाया जाएगा और इस दौरान लगभग 60,000 विद्यार्थियों को कवर किया जाएगा। एमएसएमई मंत्रालय इस जागरूकता कार्यक्रम के जरिए विद्यार्थियों/युवाओं को अपने करियर के रूप में उद्यमिता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों के साथ परस्पर संवाद वाले सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, उनके सवालों के जवाब दिए जा रहे हैं, विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों से जुड़े उनके संशय दूर किए जा रहे हैं और उनकी समस्याओं के समाधान बताए जा रहे हैं।

## 70वें बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में इंडिया नेटवर्किंग समारोह का हुआ आयोजन

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह के पहले दिन बर्लिनले 2020 में सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से इंडिया नेटवर्किंग स्वागत समारोह की मेजबानी की।

जाने-माने फिल्म समारोह प्रमुख, अंतर्राष्ट्रीय फिल्म संगठन, फिल्म एजेंसियां तथा भारत के साथ सहयोग करने के इच्छुक प्रसिद्ध फिल्म निर्माण घराने के प्रतिनिधि उपस्थित थे। विचार-विमर्श में फिल्मों के सह-निर्माण के लिए सहयोग और इस वर्ष के अंत में होने वाले 51वें आईएफएफआई के लिए साझेदारी विकसित करने पर मुख्य रूप से जोर दिया। प्रतिनिधियों ने फिल्म शूटिंग ऐप्पलीकेशन्स आदि के लिए एकमात्र संपर्क स्थान यानी वेब पोर्टल (www.ffo.gov.in) के जरिए भारत में आसानी से फिल्म बनाने की सरकारी नीतियों से भी अवगत कराया। इंडिया नेटवर्किंग स्वागत समारोह में 80 से 100 प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ शिष्टमंडल ने कलाइडस्कोप इंटरटेनमेंट के मालिक और प्रबंध निदेशक बॉबी बेदी, चेल्सी फिल्म समारोह से मुलाकात तथा आईएफएफआई 2020 के साथ संभावित सहयोग की इच्छा व्यक्त की।